भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1095

मंगलवार, दिनांक 28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

मॉडल सौर ग्राम

1095 श्री आदित्य प्रसाद:

श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:

श्री मयंककुमार नायक:

श्री अमर पाल मौर्य:

डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी:

श्री राजेश परमानंद शुक्ला:

श्री केसरीदेवसिंह झाला:

श्री चुन्नीलाल गरासिया:

श्री जग्गेशः

श्री राजिन्दर गुप्ता:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, विशेषकर त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मॉडल सौर ग्रामों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंड एवं मापदंड क्या-क्या हैं;

(ख) देशभर में चयनित आदर्श सौर ग्रामों की संख्या कितनी है तथा त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश का जिला-वार ब्यौरा सहित अब तक हुई प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सौर प्रणालियों के संस्थापन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी वित्तीय सहायता एवं अन्य प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं; और

(घ) मॉडल सौर ग्राम पहल त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा की सुलभता, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने तथा सतत विकास में किस प्रकार योगदान दे रही है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) एवं (ख): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG: MBY) के अंतर्गत मॉडल सौर ग्राम (MSV) के चयन हेतु मानदंड एवं मापदंड निर्धारित करते हुए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं।

मॉडल सौर ग्राम के रूप में विचार किए जाने के लिए ग्राम का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होना तथा त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना आवश्यक है:

(i) ग्राम नवीनतम प्रकाशित जनगणना के अनुसार 5,000 से अधिक जनसंख्या वाला एक राजस्व ग्राम होना चाहिए।

(ii) विशेष श्रेणी के राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों, अर्थात् उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर राज्यों तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के मामले में, नवीनतम प्रकाशित जनगणना के अनुसार 2,000 से अधिक जनसंख्या वाले राजस्व ग्राम पात्र होंगे।

(iii) जिन जिलों में उपर्युक्त जनसंख्या मानदंडों को पूरा करने वाले 10 से कम ग्राम हों, वहाँ जिला स्तरीय समिति (District Level Committee - DLC) मॉडल सौर ग्राम पहल के प्रतियोगिता मोड के अंतर्गत विचार हेतु जिले के सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 ग्रामों का चयन कर सकती है।

(iv) DLC, मॉडल सौर ग्राम पहल के दायरे का विस्तार करते हुए मॉडल सौर पंचायत पर भी विचार कर सकती है।

पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के MSV घटक के अंतर्गत, राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों ने सूचित किया है कि 455 जिलों में मॉडल सौर ग्राम घोषित किए जा चुके हैं। राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-I में तथा त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश राज्यों के जिला-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिए गए हैं।

(ग): देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित आवासीय घरों पर रूफटॉप सौर (RTS) संयंत्रों की स्थापना हेतु पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG: MBY) के अंतर्गत उपलब्ध केंद्रीय वित्तीय सहायता (Central Financial Assistance - CFA) का विवरण निम्नानुसार है:

आवासीय श्रेणी का प्रकार	**केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA)**	**विशेष श्रेणी के राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों हेतु CFA**
आवासीय क्षेत्र (RTS क्षमता के प्रथम 2 किलोवाट पीक (kWp) अथवा उसका भाग)	₹30,000 प्रति kWp	₹33,000 प्रति kWp
आवासीय क्षेत्र (अतिरिक्त 1 kWp आरटीएस क्षमता के साथ अथवा उसका भाग)	₹18,000 प्रति kWp	₹19,800 प्रति kWp
आवासीय क्षेत्र (3 kWp से अधिक अतिरिक्त RTS क्षमता के लिए)	कोई अतिरिक्त CFA नहीं	कोई अतिरिक्त CFA नहीं

समूह आवासीय सोसायटी/आवासीय कल्याण समिति (GHS/RWA) आदि के लिए 500 kWp तक (प्रति आवास 3 kWp की दर से)EV चार्जिंग सहित साझा सुविधाओं के लिए	₹18,000 प्रति kWp	₹19,800 प्रति kWp

इसके अतिरिक्त, योजना में प्रत्येक जिले में एक मॉडल सौर ग्राम के विकास के लिए प्रति ग्राम ₹1 करोड़ तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। साथ ही, ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं (PRIs) सहित स्थानीय निकायों को प्रत्येक रूफटॉप सौर (RTS) स्थापना पर ₹1,000 का प्रोत्साहन प्रदान करने का भी प्रावधान है, ताकि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आवासीय रूफटॉप सौर प्रणालियों की स्थापना को बढ़ावा दे सकें तथा योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में स्थापना सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय स्तर पर जन-सक्रियता के प्रयास कर सकें।

(घ) पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मॉडल सौर गांव (MSV) घटक का उद्देश्य त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित देश के प्रत्येक जिले में एक मॉडल सौर ग्राम विकसित करके ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सौर प्रणालियों को अपनाने को बढ़ावा देना है। यह पहल ग्राम समुदायों को रूफटॉप सौर प्रणालियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा तक पहुँच में सुधार होता है, पारंपरिक विद्युत स्रोतों पर निर्भरता कम होती है, ग्रामीण परिवारों के विद्युत व्यय में कमी आती है तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी के माध्यम से पर्यावरणीय सततता में योगदान होता है।

अनुलग्नक-I

'मॉडल सौर ग्राम' के संदर्भ में पूछे गए दिनांक 28.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1095 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

क्र. सं.	राज्य	**घोषित मॉडल सौर गांव (MSV)**
1	आंध्र प्रदेश	12
2	अरुणाचल प्रदेश	12
3	असम	5
4	बिहार	1
5	छत्तीसगढ	32
6	गोवा	2
7	गुजरात	26
8	हरियाणा	13
9	हिमाचल प्रदेश	10
10	जम्मू एवं कश्मीर	20
11	झारखंड	1
12	कर्नाटक	12
13	लद्दाख	2
14	मध्य प्रदेश	38
15	महाराष्ट्र	17
16	मणिपुर	12
17	मिजोरम	11
18	नगालैंड	9
19	ओडिशा	1
20	पंजाब	23
21	राजस्थान	41
22	सिक्किम	6
23	तमिलनाडु	36
24	तेलंगाना	28
25	त्रिपुरा	2
26	उत्तर प्रदेश	70
27	उत्तराखंड	13
	कुल	**455**

अनुलग्नक-II

'मॉडल सौर ग्राम' के संदर्भ में पूछे गए दिनांक 28.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1095 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

त्रिपुरा, झारखंड और उत्तर प्रदेश में PMSG: MBY के मॉडल सौर गांव (MSV) घटक की ज़िला-वार प्रगति (16.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य का नाम	ज़िले का नाम	गाँव का नाम
1	झारखंड	चतरा	गिद्धौर
2	त्रिपुरा	गोमती	सिलाचारी
3		दक्षिण त्रिपुरा	शतचंद
4	उत्तर प्रदेश	औरैया	हरचंदपुर
5		बागपत	पुरा
6		बाराबंकी	गड़िया
7		बस्ती	महसो खास
8		फिरोजाबाद	डोनकेली
9		गाजीपुर	अंधौन
10		हमीरपुर	पतारा डांडा
11		झांसी	सिमरावारी
12		लखनऊ	मति
13		मैनपुरी	काकन
14		मेरठ	खेजुरी अल्यारपुर
15		प्रयागराज	सिंगरौर उपरहार
16		शाहजहांपुर	बलिया
17		सिद्धार्थनगर	हल्लौर (सीटी) वार्ड नंबर-0001
18		अयोध्या	नरौली
19		कुशीनगर	खजूरिया
20		लखीमपुर खीरी	मुल्तानपुर ग्रांट
21		मथुरा	अरिंग
22		मुजफ्फरनगर	रोनिहारजी पुर
23		पीलीभीत	अमरिया
24		सहारनपुर	चकवाली
25		अम्बेडकर	सोन गाँव
26		हरदोई	भरावन
27		मिर्जापुर	भरूहना (सीटी) वार्ड नं.-0001
28		सीतापुर	हेमपुर
29		बाँदा	महोतरा
30		Lalitpur	मड़ावरा
31		सोनभद्र	बहुरा
32		उन्नाव	हिलौली
33		वाराणसी	पुरे
34		रायबरेली	जोहवा शर्की

35		बहराईच	सेमारी मलमाला
36		फर्रुखाबाद	पपीहा पुर
37		महोबा	मुढ़ारी
38		आगरा	बमरौली कटारा
39		अमेठी	कमरौली
40		बलिया	मैरिटार
41		बलरामपुर	सिरसिया
42		जालौन	खकसीस
43		जौनपुर	पतहना
44		कानपुर देहात	काशीपुर
45		कानपुर नगर	रामपुर भीमसेन
46		कासगंज	पंचगाई
47		महाराजगंज	पिपरा बरहमन उर्फ बारीगांव
48		मऊ	रसूलपुर इनामुद्दीनपुर
49		प्रतापगढ़	सराय नाहर राय
50		रामपुर	सिंगन खेड़ा
51		शामली	हरारफतेहपुर
52		श्रावस्ती	पटना खरगौरा
53		सुल्तानपुर	प्रतापपुर कमैचा
54		आजमगढ़	रानीपुर रजमो
55		बरेली	खोलड़िया
56		भदोही	गिर्द बड़ागांव (सीटी) वार्ड नं.-0001
57		बदायुं	रिजोला
58		बुलन्दशहर	शेखपुर गढ़वा
59		चंदौली	सिकंदरपुर
60		चित्रकूट	रसिन
61		देवरिया	पकहा
62		एटा	जिरसामी
63		फ़तेहपुर	मौहार
64		गौतमबुद्धनगर	दुजाना
65		गाजियाबाद	सुराणा
66		गोंडा	सोनौली मोहम्मदपुर
67		गोरखपुर	जांगल धूसर
68		हापुड	उपेड़ा
69		कन्नौज	मिढ़ौली
70		कौशांबी	तिल्हापुर
71		मुरादाबाद	बहेरी ब्राह्मणन
72		संभल	रामपुरा
73		संत कबीर नगर	बिसौवा

*****